राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

# मासिक रिपोर्ट – मार्च 2025

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** 1 नवंबर 2023 से परियोजना का संचालन और रखरखाव प्रारंभ हुआ । परियोजना को 1,45,343 स्मार्ट मीटर के साथ पूर्ण घोषित किया गया और मार्च 2024 में NSGM अनुदान की अंतिम किश्त जारी की गई। JVVNL ने स्मार्ट ग्रिड परियोजना के लिए वितरण सुधार समिति (DRC) की अनुमोदन/सिफारिशें प्रस्तुत की। JVVNL ने भारत सरकार के अंतिम अनुदान का उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया।

2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** सर्वेक्षण के अनुसार नियत सभी स्मार्ट मीटर (24,214) क्षेत्र में स्थापित किए गए। पूर्व-स्थापित मीटरों का संचालन और रखरखाव 1 जुलाई 2023 से शुरू हुआ । शेष 61 स्मार्ट फीडर मीटर चंडीगढ़ में प्राप्त हुए, जिनमें से 22 स्मार्ट फीडर मीटर स्थापित किए गए हैं। चंडीगढ़ UT के बजली व्यवसाय के निजीकरण के अनुरूप CPDL ने परियोजना क्षेत्र को अधिग्रहण की।

सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://www.nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखी जा सकती है।

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 10 मार्च 2025 को सचिव (विद्युत) की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन (NSGM) के पुनर्गठन और आगे बढ़ने पर श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली में चर्चा हुई।

2. 21 मार्च 2025 को निदेशक NPMU ने होटल ताजमहल, नई दिल्ली में UK सरकार के सहयोग से CER/IIT कानपुर द्वारा आयोजित 'शेपिंग द नेक्स्ट एरा ऑफ पावर सेक्टर रिफॉर्म्स इन इंडिया (PSR - चरण II)' संगोष्ठी में "पावर सेक्टर पॉलिसी, प्लानिंग एंड इम्पैक्ट असेसमेंट के लिए स्मार्ट टूल" सत्र में भाग लिया।

3. 21 मार्च 2025 को निदेशक NPMU ने ललित होटल, नई दिल्ली में 'इंडिया स्मार्ट यूटिलिटी वीक 2025' के दौरान "यूटिलिटीज के लिए उभरती डिजिटल टेक्नोलॉजीज" नामक सत्र में वक्ता के रूप में भाग लिया।

4. 25 मार्च 2025 को निदेशक NPMU ने सेवा भवन, नई दिल्ली में अध्यक्ष, के.वि.प्रा. की अध्यक्षता में आयोजित 'नेशनल ग्रिड फ्लेक्सिबिलिटी प्लेटफॉर्म' की हितधारक संचालन समिति के लिए आयोजित परिचयात्मक बैठक में भाग लिया।

5. मार्च 2025 तक, विभिन्न स्थानों पर 2.51 करोड़ से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए (नोडल एजेंसियों / PFC और REC से 'EGSM' द्वारा एकत्रित और NSGM वेबसाइट पर विकसित और अनुरक्षित डैशबोर्ड पर होस्ट किए गए आंकड़ों के अनुसार)। अधिक जानकारी https://www.nsgm.gov.in/en/state-wise-map, https://www.nsgm.gov.in/en/sm-stats-all से प्राप्त की जा सकती है।

**sd/-**
**निदेशक, NPMU (प्रभारी)**
**dir.npmu.nsgm@gov.in**